अमर उजाला 07/04/2024

बलजिंदर और रुचि बने बेस्ट एथलीट

कॉलेज प्राचार्य व स्टाफ के साथ मौजूद विजेता विद्यार्थी। संस्था

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। जीएमएन कॉलेज में शनिवार को प्राचार्य डॉ रोहित दत्त के मार्गदर्शन में 54वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

यह आयोजन खेलकूद विभाग, एनसीसीवाईआरसी, वुमेन सेल, एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने अपने हुनर की चमक बिखेरी और शानदार प्रदर्शन किया।

कॉलेज प्राचार्य ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। डॉ रोहित दत्त ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए रोहित दत्त ने महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डॉ बृजेश कुमार और अन्य विभाग के सभी प्राध्यापकों को बधाई दी।

मंच संचालन डॉ अमित ने किया। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग 100 मीटर दौड़ में बलजिंदर सिंह ने प्रथम स्थान, सुमित कुमार ने द्वितीय और पंकज और समीर ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार महिला वर्ग 100 मीटर दौड़ में रुचि भट्ट ने प्रथम, अवनीत ने द्वितीय, रमणी और कृतिका ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

पुरुष वर्ग लॉन्ग जंप में बलजिंदर प्रथम पंकज रहा द्वितीय

पुरुष वर्ग लॉन्ग जंप में बलजिंदर ने प्रथम, पंकज ने द्वितीय, अमनदीप ने तृतीय स्थान हासिल किया और पुरुष वर्ग शॉट पुट में अमनदीप ने प्रथम, नीतीश ने द्वितीय और गौतम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं लॉन्ग जंप (महिला वर्ग) में रुचि भट्ट ने प्रथम, संजना राठौर ने द्वितीय एवं कृतिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग शॉट पुट में संजना ने प्रथम, भारती ने द्वितीय और आक्षी ने तृतीय स्थान हासिल किया। पुरुष वर्ग में बलजिंदर और महिला वर्ग में रुचि भट्ट ने बेस्ट एथलीट का खिताब हासिल किया। इस अवसर पर गण्यमान्य जन मौजूद थे।